नार्थ जोन प्री आर०डी० चयन शिविर के लिए महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना स्वंय सेविका का चयन

दिनांक **17.10.2021**

श्री गुरु गोबिंद सिंह जी राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब की एन०एस०एस० स्वंयसेवी विपाशा, बी०ए० तृतीय वर्ष एवम पुत्री श्री प्रताप सिंह का चयन नार्थ जोन प्री आर०डी० चयन शिविर के लिए हुआ है जो दिनांक 18 अक्टूबर से लेकर 27 अक्टूबर तक बियानी कॉलेज ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट कलवार, जयपुर में आयोजित किया जाएगा। है। प्राचार्या डॉ वीना राठौर ने विपाशा एवम कार्यक्रम अधिकारी प्रो०रीना चौहान एवम प्रो० रिंकू अग्रवाल को बधाई देते हुए कहा कि विपाशा के चयन से राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की साथ साथ पूरा महाविद्यालय गौरवान्वित महसूस कर रहा है। जिला नोडल कार्यक्रम अधिकारी प्रो रीना चौहान ने बताया कि सिरमौर जिला से प्रदेश स्तर के लिए चार विद्यार्थियों का चयन हुआ था जिसमें से दो स्वंयसेवक पांवटा कॉलेज से विपाशा एवम हरिपुरधार कॉलेज से नीरज का चयन नार्थ जोन प्री आर० डी० के लिए हुआ है। गौरतलब है की पिछले वर्ष संगड़ाह महाविद्यालय से सतीश कुमार ने आर०डी० परेड में हिस्सा लिया था। जिला के स्वंयसेवकों की उलब्धियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वंय सेवकों को उत्साह और जोश से भर दिया है। भविष्य में भी ऐसी ही उपलब्धियों की आशा इन सभी स्वयं सेवकों से रहेंगी।

प्राचार्या

North Zone NSS Pre RD Selection Camp
2021
Biyani College of
Kalwar (Jaipur)

KALWAR,
narzo